CMYK

Website : www.highwaychannel.in


छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 235 ▫ रायपुर, गुरुवार 17 सितंबर 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## सेवा संकल्प दिवस आज

## पीएम मोदी का जन्मदिन



### देशभर में जश्न, वडनगर (गुजरात) से वाराणसी तक निकली बाइक रैली

**नई दिल्ली, 17 सितंबर (न्यूज चैनल)।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी जन्मभूमि वडनगर (गुजरात) से लेकर मौजूदा राजनीतिक कर्मभूमि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक उत्सव जैसा माहौल है। उनके समर्थकों के अलावा देश के सांविधानिक पदों पर आसीन हस्तियां भी उन्हें बधाई दे रही हैं। पीएम मोदी को विदेश से भी जन्मदिन के शुभकामना संदेश भेजे जा रहे हैं। पीएम मोदी के जन्मदिन पर समारोह, संदेश आदि से जुड़े तमाम अपडेट्स भाजपा प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर देशव्यापी जश्न मना रही है। आज गुजरात में उनके जन्मस्थान वडनगर से संसदीय क्षेत्र वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक बाइक रैली का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में सीएम योगी आदित्यनाथ, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेता मौजूद हैं।

**पुतिन ने पीएम मोदी को जन्मदिन पर भेजा बधाई संदेश:** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिन पर उन्हें बधाई दी। संदेश में पुतिन ने कहा कि मोदी को देशवासियों का गहरा सम्मान और वैश्विक स्तर पर बड़ी प्रतिष्ठा हासिल है।

**साय सहित देश के नेताओं ने दी बधाई:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, एनसीपी-एसपी के प्रमुख शरद पवार, वाईएसआआर कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री जोसेफ विजय आदि ने पीएम मोदी को बधाई दी।

## श्रमिक महासम्मेलन में सीएम साय ने की 3 बड़ी घोषणा

# श्रमिक समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकारः सीएम

**रायपुर, 17 सितंबर (हाईवे चैनल)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर इंडोर स्टेडियम, रायपुर में आयोजित श्रमिक महासम्मेलन में 1.84 लाख श्रमिकों को 65.16 करोड़ रुपये की सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ हैं और उनके योगदान से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना साकार होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने दीदी ई-रिक्शा योजना के तहत मिलने वाली सहायता राशि और श्रमिकों को मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक सहायता योजना के तहत मकान निर्माण सहायता राशि 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख रुपये करने की घोषणा की। साथ ही, पंजीकृत श्रमिकों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और इलाज का संपूर्ण खर्च अब श्रम विभाग द्वारा किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने इंडोर स्टेडियम में श्रमिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए तीन बड़ी घोषणाएं की। पहला- शहरों में जनसुविधा केंद्र खोले जाएंगे, दूसरा- ई-रिक्शा पर 1 लाख का अनुदान दिया जाएगा और तीसरा- ई-बाइक खरीदने के लिए विशेष सहायता दी जाएगी।



### सीएम हाउस में की विश्वकर्मा की पूजा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भगवान विश्वकर्मा जयंती पर मुख्यमंत्री निवास में सृजन, शिल्प और निर्माण के अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने भगवान विश्वकर्मा से प्रदेश की सुख-समृद्धि, खुशहाली और निरंतर प्रगति की कामना की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सलाहकार आर. कृष्णा दास, मुख्यमंत्री के प्रेस अधिकारी आलोक सिंह सहित मुख्यमंत्री निवास के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मवेशियों को रोकने बिछाया था तार करंट की चपेट में आने से 1 की मौत

### आरोपी को भेजा जेल गया

**सक्ती, 17 सितंबर (हाईवे चैनल)।** जिले के डभरा थाना क्षेत्र के ग्राम कटौद में अवैध रूप से विद्युत तार बिछाकर उसमें करंट प्रवाहित किए जाने से एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। जिला सक्ती पुलिस की त्वरित कार्रवाई के तहत आरोपी चन्द्रशेखर चन्द्रा को गिरफ्तार किया गया है।कानून प्रवर्तन जानकारी के अनुसार, दिनांक 15 सितंबर को सुबह रोहित कुमार बरेठ मवेशी चराते हुए चन्द्रशेखर चन्द्रा की सब्जी बाड़ी के पास पहुंच गया था।



मवेशी को वहां से हटाने के दौरान वह सब्जी बाड़ी में लगाए गए जीआई तार के घेरे में प्रवाहित विद्युत करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद थाना डभरा पुलिस ने तत्काल मर्ग कायम कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। जांच के दौरान सामने आया कि विद्युत पोल से अवैध रूप से एलटी तार खींचकर सब्जी बाड़ी में लगाए गए जीआई तार के घेरे में विद्युत प्रवाह किया जा रहा था। घटनास्थल निरीक्षण, गवाहों के कथन और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर रोहित कुमार बरेठ की मृत्यु विद्युत करंट लगने से होना पाया गया। विवेचना के दौरान आरोपी के विरुद्ध अपराध घटित करना पाए जाने पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी चन्द्रशेखर चन्द्रा ने विद्युत तार में करंट प्रवाहित किए जाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी चंद्रशेखर चन्द्रा को दिनांक बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

## छोटे नक्सलियों को फांसी की सजा हुई बड़े षड्यंत्र कारी सरकार की गोद में बैठकर बच गए : कांग्रेस

**रायपुर, 17 सितंबर (हाईवे चैनल)।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि झीरम हत्याकांड में एनआईए कोर्ट का फैसला आया है, 10 दोषी पाए गए आरोपियों को फांसी की सजा कोर्ट ने दिया है। यह आधा अधूरा न्याय है। हम अदालत के फैसले का आदर करते है। अदालत ने उन्हीं को सजा दिया है जिनके खिलाफ सबूत उसके सामने रखे गए। एनआईए घटना के षड्यंत्रकारियों तक तो पहुंच ही नहीं पाई उसकी जांच शुरू से दिशाहीन रही है।उसने बड़े नक्सलियों से कोई पूछताछ ही नहीं किया वो तो सरकार को समर्पण नीति का फायदा उठा के खुले घूम रहे सरकार भी उनको सजा दिलाने के बजाय संरक्षक बन गई है। झोला उठाने वाले, पानी वाले गड्ढा खोदने वाले, रास्ता बताने वाले नक्सलियों को एनआईए ने आरोपी बनाया, उनको सजा मिली।




# दो ग्रामीणों पर 4 भालुओं ने किया हमला, घायल

- गंभीर रुप से घायल ग्रामीणों को उपचार हेतु कराया गया है नगरी सिविल अस्पताल में भर्ती
- उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व क्षेत्र के अरसीकन्हार रेंज के ग्राम अर्जुनी के जंगल में हुई घटना

**धमतरी, 17 सितम्बर (हाईवे चैनल)।** लकड़ी बीनने जंगल गए दो ग्रामीणों पर भालुओं के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। जिससे ग्रामीण गंभीर रुप से घायल हो गये। जिन्हें उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम ठेनही निवासी दिनेश पिता आत्माराम नेगी और मदन पिता पुनाराम नेताम आज सुबह जंगल की ओर गए हुए थे जहां पहले से ही 4 भालुओं का झुंड मौजूद था। भालुओं ने अचानक दोनो के उपर हमला कर दिया। हमले से दोनो ग्रामीण लहुलुहान हो गए फिर भी ग्रामीणो ने हिम्मत दिखाते हुए मौके से बच निकले और गांव पहुंचकर ग्रामीणों को सूचना दी। जिस पर तत्काल वन विभाग को जानकारी दी गई और घायलों को नगर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा उनका उपचार जारी है। बता दे कि उक्त घटना उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व क्षेत्र के अरसीकन्हार रेंज के ग्राम अर्जुनी के जंगल में हुई। भालु के हमले से ग्रामीणों के सिर और चेहर पर गंभीर चोटे आई है। घटना के बाद आसपास के ग्रामीणो में दहशत का माहौल है वन विभाग द्वारा ग्रामीणों से सावधानी बरतने और जंगल क्षेत्रो में न जाने की अपील की है।







CMYK